**Regarding fair investigation into murder of a journalist in Maholi Assembly area**

श्री आनंद भदौरिया **(**धौरहरा**) :** सर, मैं बोल रहा हूँ ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** बोलिए । ये बैठकर तुम सबका हक छीन रहे हैं ।

श्री धर्मेन्द्र यादव**:** अध्यक्ष जी, हम सब मिलाकर एक ही हैं । कोई किसी का हक नहीं छीन रहा है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपका हक प्रतिपक्ष के नेता ने छीन लिया और इनका हक ये छीन रहे हैं । मैं अगले वक्ता का नाम ले लूँगा ।

श्री आनंद भदौरिया **:** अध्यक्ष जी, मैं बड़े भारी मन से आपके सामने यह बात रख रहा हूँ । अध्यक्ष जी, बड़ा गंभीर विषय है । मैं बड़े भारी मन से आपका ध्यान इस घटना की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ कि मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा के विधान सभा क्षेत्र महोली के एक नौजवान पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की राष्ट्रीय राजमार्ग 24 हेमपुर स्थित दिन के तीन बजे, दिन-दहाड़े उस नौजवान पत्रकार की हत्या कर दी जाती है ।? (व्यवधान) अध्यक्ष जी, उसके दो बच्चे हैं । उसका पिता भी बीमार रहता है । मैं उसके परिवार से मिला था । अध्यक्ष जी, दिन के तीन बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह से हत्या कर दी जाती है । उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का यह हाल है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपकी माँग क्या है?

श्री आनंद भदौरिया**:** अध्यक्ष जी, मैं माँग कर रहा हूँ, लेकिन पहले मेरी एक लाइन आ जाए, फिर मैं अपनी माँग कर रहा हूँ ।

माननीय अध्यक्ष **:** यह विषय राज्यों का है । आपकी माँग क्या है?

श्री आनंद भदौरिया **:** अध्यक्ष जी, इसी सदन के एक सम्मानित सत्ता पक्ष के सांसद, जो उत्तर प्रदेश के हैं, के परिवार पर उसी समय फैजाबाद-बाराबंकी हाइवे पर हमला किया गया ।

माननीय अध्यक्ष **:** आपकी माँग क्या है?

श्री आनंद भदौरिया **:** अध्यक्ष जी, मेरी माँग यह है कि उस परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का काम किया जाए । उनकी पत्नी को नौकरी देने का काम किया जाए और इस संपूर्ण घटना की सीबीआई जाँच करायी जाए ।

माननीय अध्यक्ष **:** यह माँग राज्य की विधान सभा में करना । चलिए, आपकी बात हो गई है । श्री भर्तृहरि महताब जी ।

श्री आनंद भदौरिया **:** अध्यक्ष जी, किसी निर्दोष को न फँसाया जाए ।? (व्यवधान)